अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं

इलाज के लिए मरीजों को जाना पड़ता है दतिया व झांसी

नवभारत न्यूज

भांडेर, 28 अप्रैल। जनपद पंचायत के 141 गांव के लिए भाण्डेर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना है। शासन ने करोड़ों रूपये खर्च कर इमारत भी बनाई है। इस अस्पताल में छह: डॉक्टर के पद स्वीकृत है लेकिन इनमें से महज दो डॉक्टर ही पदस्थ है ऐसे में अनुभाग के गांवों से आने वाले मरीजों की भीड़-भाड़ ज्यादा देखते ही यह डॉक्टर उनका इलाज करने की वजह उन्हें तत्काल रैफर करना शुरू कर देते है मौसम में बदलाव की वजह से अस्पताल में जुखाम, खासी, बुखार सहित अन्य बीमारियों के रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं।

यही नहीं शासन ने करोड़ों रूपये की लागत से गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केन्द्र भी खोले है लेकिन वह भी स्टाफन होने के कारण बन्द पड़े है इनका खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि भाण्डेर तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रैफर सेन्टर बन गया है। यहां के मरीज इलाज कराने की उम्मीद से यहां आता है लेकिन यहां पदस्थ डॉक्टर मरीज को इलाज करने की वजह उसे जिला अस्पताल दतिया व मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रैफर कर देते हैं। खास बात यह है कि इस अस्पताल पर 141 गांव के लोगों की जिम्मेदारी है। लेकिन अस्पताल से सुविधाऐं कुछ भी नहीं है। सबसे बड़ी कमी डॉक्टरों की है। कम स्टाफ के चलते जो स्टाफपदस्थ है वह भी इलाज करने में लापरवाही बरतते है वर्षों से अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं है जिसकी वजह से गर्भवती महिलाओं को उपचार व सलाह के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ता है।

वहीं 2020 में उपचुनाव के समय महिला डॉक्टर भांडेर में पदस्थ हुई थी लेकिन चुनाव के बाद फिर वह भांडेर अस्तपताल से चली गई।

कई सालों से नहीं अस्पताल में महिला डॉक्टर

भाण्डेर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कई सालों से महिला डॉक्टर न होने से प्रसव कक्ष का जिम्मा स्टाफनर्स के भरोसे ही है। यहां महिला डॉक्टर न होने से सबसे ज्यादा प्रसूताओं को रैफर किया जाता है। अस्पताल में 7 स्टाफनर्स के पद है लेकिन वर्तमान में 4 पदों पर ही नर्सें तैनात है। नतीजा यह है कि महिलाओं को इलाज करने प्रसव के लिए 30 किमी दूर दतिया या 50 किमी दूर झांसी जाना पड़ता है प्रसूता की नोर्मल डिलीवरी न होने का डर दिखाकर जिला अस्पताल रैफर किया जाता है और जब प्रसूता जिला अस्पताल पहुंचती है तो वहां नोर्मल डिलीवरी हो जाती है।

मशीनें खा रही हैं धूल

शासन ने बच्चों की सुविधा के लिए लाखों रूपये खर्च कर कक्ष बनाया है साथ ही मशीन लगाई हुई है। साथ ही मशीन लगाई हुई है लेकिन कक्ष में हमेशा ताला लगा रहता है वहीं लाखों रूपये की लगी मशीन धूल खा रही है। इसका मुख्य कारण डॉक्टरों का अभाव है। डॉक्टर न होने के कारण यह कक्ष बन्द है।

मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार करा रहे ग्रामीण

भाण्डेर से स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होने का फायदा झोलाछाप डॉक्टरों को मिल रहा है। यही वजह है कि भाण्डेर अनुभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब आधा सैकड़ा झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक संचालित है। इन क्लीनिकों पर न मरीजों को बैठने के लिए टेबल होती है और न ही ड्रिप चढ़ाने के लिए जगह फिर भी मजबूर होकर ग्रामीण उपचार करा रहे हैं।

जिलाधीश ने जन सुनवाई में सुनी 120 से अधिक समस्याएं

दतिया, 28 अप्रैल। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 120 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई के दौरान रास्ता अवरूद्ध करने, नाली के पानी की निकासी, वृद्धवस्था पेंशन, सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, सड़क निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, खाद्यान वितरण, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके निराकरण हेतु कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कुछ आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।

बेजुबान पक्षियों को जल संकट से बचाने चलाया सकोरा अभियान

बसई, 28 अप्रैल। भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों को जल संकट से बचाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर बसई में मंगलवार को सकोरा अभियान चलाया। विद्यालय परिवार ने जल मंदिर का निर्माण किया। उद्देश्य पक्षियों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराना रहा। यह पहल 15 दिवसीय प्रांतव्यापी अभियान का हिस्सा है। इसके तहत पूरे प्रदेश में जीव दया का संदेश दिया जा रहा है। विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार ने छायादार पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे टांगे। सकोरों में नियमित पानी भरने का संकल्प लिया। अभियान के जरिए नगरवासियों से अपील की गई है। लोग इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए सहारा बनें। सूखते जलस्रोतों से पक्षियों का जीवन संकट में है। इस बीच शिवम् शर्मा, कमलेश योगी, सतेन्द्र प्रजापति, वर्षा शर्मा, वैशाली केवट, कुसुमलता सविता उपस्थित रहे।

विद्यालय के आठ छात्रों का चयन

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 अप्रैल। बुंदेला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम एक और गौरवशाली उपलब्धि जुड़ गई है। विद्यालय के आठ मेधावी छात्रों शिवा तिवारी, शिवाजी कौरव, तन्मय शर्मा ,अर्नव यादव, मयंक पाल, नीतेश कुशवाहा, आदित्य शिवहरे, प्रिंस प्रजापति का चयन मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की अभिनव योजना विज्ञान मंथन यात्रा के लिए किया गया, जिसके अंतर्गत उन्हें देश के शीर्ष वैज्ञानिक संस्थानों के भ्रमण का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस विशेष यात्रा के दौरान छात्रों ने ट्रेन के माध्यम से दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों बेंगलुरु, चेन्नई और श्रीहरिकोटा का भ्रमण किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाना और उन्हें आधुनिक तकनीक से रूबरू कराना था। इसरो और श्रीहरिकोटा में मिला सीधा अनुभव छात्रों के लिए सबसे रोमांचक पल वे थे जब उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन बेंगलुरु यहाँ छात्रों ने उपग्रहों के निर्माण और अंतरिक्ष अभियानों की कार्यप्रणाली को समझा। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा रॉकेट लॉन्चिंग पैड और अंतरिक्ष केंद्र की गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखना छात्रों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा था।

विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रोत्साहन हेतु मिली इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष दुबे विज्ञान प्रमुख आचार्य धीरेंद्र कुमार गुप्ता प्रबंधन समिति और आचार्य परिवार ने सभी आठ भैयाओं को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

चामुंडा देवी मंदिर में चोरी दान पात्र तोड़कर नगदी व सामान ले गए चोर

दतिया, 28 अप्रैल। शहर के हड़ा पहाड़ स्थित चामुंडा देवी मंदिर में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है ।देर रात अज्ञात चोर प्रसिद्ध चामुंडा देवी मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र से नगदी, बर्तन और सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि मंदिर में यह पांचवीं चोरी है।

मंदिर के पुजारी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी ।दतिया में लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। इससे पहले सोनागिर के चंद्रप्रभु मंदिर और पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी चोरी हो चुकी है ।सुबह जब मंदिर के पुजारी चंद्र मोहन प्रसाद शर्मा पहुंचे तो उन्होंने परिसर में सामान बिखरा हुआ देखा ।जांच करने पर दानपेटी टूटी मिली और नकदी गायब थी,जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ।

नीट-2026 राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा जिले में तीन परीक्षा केन्द्रों पर 3 मई को

दतिया 28 अप्रैल। जिले में तीन परीक्षा केन्द्रों पर 3 मई रविवार को दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक नीट-2026 राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यूजी तीन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ने आदेश जारी कर नीट परीक्षा हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

गौ-माता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिया जाए : हिन्दू समाज

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 अप्रैल। गौसम्मान आह्वान अभियान के तहत नगर के सकल हिंदू समाज, सर्व देवमयी श्री गौ सेवा समिति भगुवापुरा सहित सेंवढ़ा, थरेट, भगुवापुरा एवं आसपास के विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सुबह 10 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित हुए। यहां से सुबह 11 बजे मंडी परिसर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, बस स्टैंड होते हुए तहसील परिसर तक विशाल रैली निकाली गई।

रैली के माध्यम से गौवंश को राष्ट्रमाता एवं राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक दर्जा देने, केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय की स्थापना तथा एकीकृत केंद्रीय गौ संरक्षण कानून बनाने की मांग को लेकर तहसीलदार राजेंद्र सिंह जाटव को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली में सेंवढ़ा सहित आसपास के लगभग 38 गांवों से बड़ी संख्या में गौसेवक, संत समाज, सामाजिक कार्यकर्ता और हिंदू संगठनों के सदस्य शामिल हुए। हाथों में भगवा ध्वज और गोमाता संरक्षण के संदेश लिखी तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली।

इस दौरान गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दो, गौमाता बंद करो और गौरक्षा हमारा धर्म है जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा। सर्व देवमयी श्री

दतिया, भाण्डेर, सेंवढ़ा में एक साथ ज्ञापन

गौ सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत लगभग 5000 हस्ताक्षर कराए गए हैं, जिन्हें ज्ञापन के साथ संलग्न कर शासन तक पहुंचाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप गोवंश को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिया जाए। ज्ञापन में गाय, बछड़ा, बछिया, वृषभ, नंदी एवं वृद्ध गोवंश सहित सभी आयु वर्ग के गोवंश के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करी को संज्ञेय एवं गैर-जमानती अपराध घोषित करने तथा दोषियों के लिए आजीवन कारावास और संपत्ति राजसात करने की मांग की गई। तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को तत्काल जब्त कर उनकी नीलामी से प्राप्त राशि गोशालाओं के रखरखाव में लगाने की बात भी प्रमुख रूप से रखी गई।

इसी तरह दतिया में न्यू कलेक्ट्रेट मैं सभी गौ सेवकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। करीबन 200 गौ सेवकों ने तहसीलदार एवं अपर कलेक्टर को अंताक्षर ज्ञापन सौंपते हुए गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग उठाई। इस मौके पर सैकड़ों पर अधिक से अधिक संख्या में सभी गौ सेवक मौजूद रहे। इसी तरह भाण्डेर में पथनवाली माता मंदिर, रामगढ़ रोड भांडेर से गौमाता के सम्मान में प्रवचन, जन जागरुकता यात्रा, नगर भ्रमण एवं प्रार्थना पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ततपश्चात् आयोजन समिति द्वारा समस्त नगरवासियों एवं गौ प्रेमियों ने गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने हेतु पुरानी तहसील पहुंचकर तहसीलदार, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कृषि आदान विक्रेता संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

थरेट, 28 अप्रैल। कृषि आदान व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु कृषि आदान विक्रेता संघ ने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार इंदरगढ़ को ज्ञापन सौपा ज्ञापन में उन्होंने बताया कि देश के खाद्य बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का एक रजिस्टर्ड संगठन है जो लगभग पांच लाख व्यापारियों को प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगे खाद्य पर जबरन लिकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध उरर्वक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद्य के साथ अनुपयोगी उत्पादों की लिंकिंक अवराध घोषित किया जाये। हाथ डिलेवरी डीलर के बिक्री केन्द्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाये। उर्वरकों पर डीलर मार्जन को बड़ा कर 8 प्रतिशत किया जाये। ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए बोर्टल पर को वैकल्पिक बनाया जाए। अवैध बीजों की बिक्री पर रोक लगे बीच, खाद्य एवं कीटनाशक के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को अपराधि नहीं माना जाए। इस दौरान मनोज, रवि, प्रदीप, संजू, मुकुल, रामलखन, धर्मेन्द्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

यातायात नियमों के प्रति हर समय सजग रहना चाहिए : शर्मा

यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

दतिया, 28 अप्रैल। यातायात का नियम अगर हम सब मानने लग जाएं तो काफी हद तक हादसों पर अंकुश लग सकता है। इससे दुर्घटना होने की आशंका कम रहती है इसलिए हम सभी को यातायात नियमों के प्रति हर समय सजग रहना चाहिए। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा बाइक या स्कूटी पर क्षमता से अधिक सवारियां न बैठने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने के लिए सभी को जागरूक करना है ।यह उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब सभी

यातायात नियमों का पालन करें। उक्त बात मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित यातायात प्रभारी सपना शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के बीच कही।

सूबेदार हौतम सिंह बघेल ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी नियमों की जानकारी के साथ उनका पालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

इस अवसर पर यातायात पुलिस स्टाफ और स्कूल के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा, जिन्होंने यातायात पुलिस का आभार व्यक्त किया।

कोचिंग संचालक ने साझा किए सफलता के अनुभव, पालकों की आंखों में छलका गर्व

मेधावियों का सम्मान, स्मार्ट स्टडी क्लासेस ने बांटे सर्टिफिकेट

नवभारत न्यूज

मालनपुर, 28 अप्रैल। स्थानीय स्मार्ट स्टडी क्लासेस में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के संस्थापक अरविंद विमल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर

कक्षा दसवीं की छात्राआयुषी चौरसिया 94 प्रतिशत के साथ टॉपर रही और गणित में 98 और अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त किए, आरती ने गणित में 92 प्रतिशत 85.4 अंक प्राप्त किए, शबनम ने गणित में 92 प्रतिशत 82.8 प्राप्त किए, मनोरमा ने गणित में 91 प्रतिशत 77.8 प्राप्त किए, मोहिनी ने गणित 81 प्रतिशत 70 प्रतिशत प्राप्त किए, अमित गौड़ ने गणित 76 प्रतिशत 70.8 एवं आयुष, विष्णा, अरुण कुशवाहा, भूरा कुशवाहा, रागिनी माहोर एवं कक्षा 12वीं से समिता, कौशल, रोहित, आदित्य, अंकित आदि छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ बेहतर प्रदर्शन किया सभी मेधावी छात्रों को को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सम्मान पाने वाले छात्र-छात्राओं के पालक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बच्चों की सफलता पर पालकों के चेहरे पर गर्व साफ झलक रहा था। कोचिंग संचालक अरविंद विमल ने इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत से ही बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

उन्होंने कहा, 'स्मार्ट स्टडी का मतलब सिर्फ किताबी पढ़ाई नहीं, बल्कि स्मार्ट तरीके से लक्ष्य तय करना और उसे पाने के लिए रोज मेहनत करना है। अरविंद विमल ने सभी मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता सिर्फ एक पड़ाव है।

आगे जेईई, नीट, यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी इसी जज्बे से तैयारी करें। उन्होंने संस्थान का ध्येय वाक्य 'सीखते रहो, बढ़ते रहो, सफलता पाते रहो' दोहराते हुए बच्चों को प्रेरित किया ।कार्यक्रम के अंत में संस्थान की ओर से सभी छात्रों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। पालकों ने भी संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों का हौसला बढ़ता है।

मालनपुर में पुलिस का अनोखा अभियान

हेलमेट-सीट बेल्ट वालों को दिए फूल-चॉकलेट, नियम तोड़ने वालों के काटे चालान

थाना प्रभारी बोले- जीवन अनमोल है, हेलमेट-सीट बेल्ट से खुद को सुरक्षित रखें

मालनपुर, 28 अप्रैल। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मालनपुर पुलिस ने मंगलवार को अनोखा जन जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर चलने वाले वाहन चालकों को फूल और चॉकलेट देकर सम्मानित किया, वहीं नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई ।यह अभियान भिंड पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन तथा एसडीओपी गोहद महेंद्र गौतम के मार्गदर्शन में चलाया गया।

सम्मान भी, सख्ती भी

थाना प्रभारी प्रदीप सोनी ने मालनपुर चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान जो लोग हेलमेट पहनकर बाइक चला रहे थे और कार में सीट बेल्ट लगाए थे, उन्हें रोककर फूल और चॉकलेट भेंट किए। साथ ही उनकी तारीफ कर अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। इसके उलट बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों और सीट बेल्ट न लगाने वाले कार चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कई चालकों को चेतावनी देकर समझाइश के बाद छोड़ा गया।

जीवन अनमोल है, सुरक्षित रखें' : थाना प्रभारी

इस दौरान थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का महत्व बारीकी से समझाया। उन्होंने कहा, जो लोग हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाते, वे अक्सर दुर्घटना का शिकार होते हैं। सिर और छाती में चोट लगने से जान भी जा सकती है। हमेशा बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं ।उन्होंने आगे कहा, जीवन अनमोल है। आप चाहें तो उसे सुरक्षित रख सकते हैं। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार पर भारी पड़ सकती है। हेलमेट और सीट बेल्ट कोई बोझ नहीं, बल्कि सुरक्षा कवच है।

अभियान का असर

पुलिस के इस अनोखे अंदाज की स्थानीय लोगों ने सराहना की। फूल-चॉकलेट पाने वाले चालक गदगद दिखे, वहीं चालान कटने वालों ने भी अपनी गलती मानी और आगे से नियम पालन का वादा किया। कई युवाओं ने कहा कि पुलिस की यह पहल सकारात्मक है और इससे जागरूकता बढ़ेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र होने से यहां भारी वाहनों की आवाजाही ज्यादा है, इसलिए सड़क सुरक्षा सबसे जरूरी है। पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है। इस अवसर पर थाना प्रभारी के साथ मानलपुर थाने का पुलिस बल भी मौजूद रहा।

मालनपुर में परशुराम जयंती पर निकलेगा भव्य चल समारोह

मालनपुर, 28 अप्रैल। परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव राघवेंद्र शर्मा ने नगरवासियों से अपील की है कि इस चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजन समिति द्वारा चल समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नगर में जगह-जगह स्वागत की व्यवस्था की जा रही है।

डॉ. यादव महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन के संबंध में पेश करेंगे संकल्प

नवभारत समाचार

भोपाल, 26 अप्रैल. संसदीय निकायों में महिलाओं के आरक्षण और संसदीय व विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर केंद्रित मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया है.

सत्र की तैयारियों को रविवार को अंतिम स्वरूप दे दिया गया. सोमवार को सदन में मुख्यमंत्री एवं सदन के नेता डॉ मोहन यादव एक शासकीय संकल्प पेश करेंगे, जिसके माध्यम से महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उनके सशक्तिकरण के लिए देश की संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर लागू करने का अनुरोध किया जाएगा. इस शासकीय संकल्प पर दिनभर चर्चा होगी और इसके लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा के साथ ही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने तैयारियां की हैं. भाजपा की ओर से इस संकल्प पर चर्चा के लिए महिलाओं को भी प्राथमिकता देने की रणनीति अपनाने की बात सामने आई है. विधानसभा सचिवालय के अनुसार सदन की कार्यवाही के प्रारंभ में दिवंगत पूर्व सदस्यों के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्रियों और प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी.